# स्पेन ने 2010 के बाद पहली बार जीता नॉकआउट



**इंग्लवुड, (कैलिफोर्निया) 03 जुलाई मिकेल ओयार्सबल के दो शानदार गोल की बदौलत स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 में ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. यह 2010 के फाइनल के बाद पहली बार है जब स्पेन ने नॉटकाउट मुकाबले में जीत हासिल की है.**

राउंड ऑफ 32 के गुरुवार रात खेले गये इस मुकाबले में स्पेन के लिए मिकेल ओयार्सबल ने 36वें और 89वें मिनट में गोल किया, जबकि पेद्रो पोरो ने 66वें मिनट में गोल दागा. अब अंतिम 16 में अब उसका मुक़ाबला अब पुर्तगाल से होगा. 2010 में टूर्नामेंट जीतने के बाद से विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में स्पेन का इतिहास बेहद निराशाजनक रहा है. तब से लेकर सोफी स्टेडियम तक: तीन विश्व कप, एक भी नॉकआउट जीत नहीं. 2014 में, मौजूदा चैंपियन ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गए. 2018 में, वे राउंड ऑफ़ 16 में मेजबान रूस से हार गए. 2022 में, लुइस एनरिक की प्रबल दावेदार टीम को इसी चरण में मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में हरा दिया.

अब, मिकेल ओयार्सबल के दो गोल और पेड्रो पोरो के एक गोल की बदौलत, स्पेन ने एक बार फिर नॉकआउट मैच जीत लिया है और इस विस्तारित टूर्नामेंट के राउंड ऑफ़ 16 में पहुंच गया है. पेड्री और मार्क कुकुरेला के शानदार तालमेल के बाद ओयार्सबल ने 36वें मिनट में पहला गोल किया. यह गोल 2010 के फाइनल में आंद्रेस इनिएस्टा के ऐतिहासिक अतिरिक्त समय के गोल के बाद किसी स्पेनिश खिलाड़ी द्वारा विश्व कप के नॉकआउट चरण में किया गया पहला गोल था.

यामल को हमेशा ही सारी सुर्खियां मिलती हैं. यहां, मैच शुरू होने से पहले जब टीमें मैदान पर उतर रही थीं, तब टीवी कैमरे उन पर ही टिके रहे.

### पुर्तगाल बनाम क्रोएशिया (2-1)

क्रोएशिया ने पहले गोल किया (53वां मिनट)
पुर्तगाल ने पेनल्टी से बराबरी की (रोनाल्डो)
गोंकालो रामोस ने एक्स्ट्रा टाइम में जीत का गोल किया
पुर्तगाल ने क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

### स्पेन बनाम ऑस्ट्रिया (3-1)

स्पेन ने पूरी तरह डोमिनेन्स दिखाया
ओयार्सबल ने 2 गोल किए
पेद्रो पोरो ने 1 गोल किया
स्पेन ने 2010 के बाद पहली नॉकआउट जीत हासिल की
यामल का शानदार प्रदर्शन

### स्विट्जरलैंड बनाम अल्जीरिया (2-0)

10वें मिनट में पहला गोल (एम्बोलो)
46वें मिनट में दूसरा गोल (एनडोये)
अल्जीरिया पूरे मैच में गोल नहीं कर पाया
स्विट्जरलैंड की डिफेंस मजबूत रही
आसानी से प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

### केप वर्डे बनाम अर्जेंटीना

अर्जेंटीना फेवरेट है (मेसी की टीम)
केप वर्डे ने बड़ा उलटफेर करने का दावा किया

## अर्जेंटीना को हराने का दावा, केप वर्डे में उलटफेर की उम्मीद



**मियामी (फ्लोरिडा).** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में केप वर्डे का सामना मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा. हालांकि अर्जेंटीना को मजबूत दावेदार माना जा रहा है, लेकिन केप वर्डे के कोच पेड्रो लीटाओ ब्रितो ने बड़ा आत्मविश्वास जताया है. ब्रितो ने कहा कि उनकी टीम साहसी और निडर है और वे अर्जेंटीना को हराने में सक्षम हैं. उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी बिना डर के खेलेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे. केप वर्डे इतिहास रचते हुए ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ने वाला अब तक का सबसे छोटा देश बन गया है. यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है. दूसरी ओर, अर्जेंटीना की टीम लियोनेल मेसी के नेतृत्व में मजबूत स्थिति में है और खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है. ब्रितो ने कहा कि भले ही यह मुकाबला कठिन होगा, लेकिन उनकी टीम पूरे विश्वास के साथ मैदान में उतरेगी और किसी भी बड़े उलटफेर के लिए तैयार है. यह मुकाबला विश्व कप 2026 के सबसे रोमांचक और चर्चित मैचों में से एक माना जा रहा है.

## अल्जीरिया को हराकर स्विट्जरलैंड ने प्री क्वार्टरफाइनल में



**वैंकूवर.** ब्रील एम्बोलो और डैन एनडोये के एक-एक गोल की बदौलत स्विट्जरलैंड ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में अल्जीरिया को 2-0 से हराकर फीफा विश्वकप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. स्विट्जरलैंड के लिए ब्रील एम्बोलो ने मैच के 10वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़ता दिलाई और इसके बाद डैन एनडोये ने 46वें मिनट में गोलकर स्कोर 2-0 कर दिया. अल्जीरिया की टीम मैच के दौरान गोल करने मे विफल रही. पहले हाफ में ब्रील एम्बोलो ने 10वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया. युवा मिडफील्डर जोहान मैनजाम्बी ने अल्जीरिया की रक्षापंक्ति को छकाते हुए शानदार पास दिया, जिस पर एम्बोलो ने आसानी से गोल करते हुए बढ़त दिलाई. गोल से पिछड़ने वाली अल्जीरिया की टीम ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह गोल करने में नाकाम रही. पहले हाफ के बाद स्विट्ज़रलैंड ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली.

## पुर्तगाल ने क्रोएशिया को हराकर अगले दौर में बनाई जगह



**टोरंटो.** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और गोंकालो रामोस के एक-एक गोलों की बदौलत पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर फीफा विश्वकप 2026 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. टोरंटो स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले में क्रोएशिया के लिए इवान पेरिसिक ने 53वें मिनट में गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई. कुछ देर बाद पुर्तगाल ने पलटवार किया और रोनाल्डो ने 68वें मिनट में पेनल्टी पर गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इसके बाद गोंकालो रामोस ने एक्ट्रा टाइम में निर्णायक गोल किया. फाइनल सीटी बजने से पहले क्रोएशिया के जोस्को ग्वार्डिओल ने गोल कर दिया था. लगा था कि यह मैच पेनल्टी शूटआउट में जाएगा, लेकिन वीडियो रीव्यू के बाद इसे ऑफ साइड करार दिया गया. रोनाल्डो ने 68वें मिनट में किया गया गोल विश्व कप में नॉकआउट चरण का पहला गोल है लेकिन यह रामोस ही थे जिन्होंने पुर्तगाल को जीत दिलाई क्योंकि उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टूर्नामेंट में देश के इतिहास में केवल दूसरी बार जीत हासिल की. 2026 विश्व कप में अब तक वीएआर द्वारा रद्द किया गया यह 10वां गोल था. पुर्तगाल सोमवार को राउंड ऑफ 16 में स्पेन का सामना करेगा. गुरुवार का मैच विश्व कप के इतिहास में पहला ऐसा मैच था जिसमें मोड्रिक और रोनाल्डो सहित दो ऐसे खिलाड़ी मैदान पर उतरे जिनकी उम्र कम से कम 40 वर्ष थी. मैच के बाद रियल मैड्रिड के इन दोनों पूर्व साथी खिलाड़ियों ने मिडफील्ड में एक-दूसरे को गले लगाया.

## विंबलडन देखना एक शानदार अनुभव होगा : दीप्ति शर्मा

**लंदन, 03 जुलाई जैसे-जैसे विंबलडन 2026 का रोमांच बढ़ रहा है, भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पहली बार इस चैंपियनशिप में शामिल होकर अपनी 'बकेट लिस्ट' की एक पुरानी इच्छा पूरी की.**

जियो स्टार से बात करते हुए, दीप्ति शर्मा ने अपने अनुभव, नोवाक जोकोविच के प्रति अपनी पसंद, दबाव में जोकोविच और एमएस धोनी के बीच समानताएं और उन टेनिस दिग्गजों के बारे में बात की जिन्होंने उन्हें प्रेरित किया.



भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पहली बार विंबलडन देखने का अपना अनुभव साझा किया. उन्होंने कहा, 'मेरा सपना था कि एक दिन मैं विंबलडन मैच देखने आऊं, और आखिरकार यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है.




## श्रीलंका ए 366 रन पर सिमटा

**गाले.** सारांश जैन और गुरनूर बराड़ (चार-चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के दूसरे दिन श्रीलंका ए को पहली पारी में 366 रन के स्कोर पर समेट दिया. श्रीलंका ए ने कल के पांच विकेट पर 288 रन से आगे खेलना शुरु किया.

## भारतीय टेनिस जोड़ी का ग्रैंड स्लैम सफर खत्म

**लंदन, 03 जुलाई. गुरुवार को पुरुषों के डबल्स मैचों में युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और आखिरी समय में शामिल किए गए अनिरुद्ध चंद्रशेखर के शुरुआती दौर में ही बाहर हो जाने के बाद विंबलडन 2026 में भारत की चुनौती जल्दी खत्म हो गई.**

पुरुषों के डबल्स के ये तीन खिलाड़ी ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में देश के एकमात्र प्रतिनिधि थे; सिंगल्स या मिक्स्ड डबल्स में कोई भारतीय खिलाड़ी शामिल नहीं था. भांबरी-वीनस की सर्विस पहले सेट के छठे गेम और दूसरे सेट के सातवें गेम में तोड़ी गई. उन्होंने शुरुआती सेट में अपनी



सर्विस बरकरार रखी और आठवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करके बढ़त बना ली. भारत-ब्राज़ील की टेनिस जोड़ी ने दूसरे सेट में भी मज़बूती से सर्विस की. किसी भी जोड़ी ने ब्रेक नहीं दिया और मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुँच गया.

पुरुषों के डबल्स में तीन बार ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जीन-जूलियन रोजर और थियोडोर वाइनगर ने सीधे सेटों में मैच जीत लिया. वहीं, एन श्रीराम बालाजी और उनके ब्राज़ीलियाई साथी मार्सेलो डेमोलाइनर को बेल्जियम के सैंडर गिले और नीदरलैंड्स के सेम वेरबीक से 3-6, 7(7)-6(2), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा. यह मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला. ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और मार्सेलो डेमोलाइनर ने अच्छी शुरुआत की.



## ज्वेरेव तीसरे राउंड में पहुंचे, डी मिनौर और फ्रिट्ज भी आगे

**लंदन, 03 जुलाई. अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ग्रास-कोर्ट पर अपना जलवा बिखेरते हुए गुरुवार को फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराकर विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है. वहीं वर्ल्ड नंबर 6 एलेक्स डी मिनौर और नंबर 7 टेलर फ्रिट्ज ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में प्रवेश किया.**

एटीपी रैंकिंग में नंबर तीन खिलाड़ी ज्वेरेव ने वैलेंटिन रॉयर को दो घंटे और चार मिनट में 6-1, 6-3, 7-6(3) से हराया, यह ग्रास पर उनकी 50वीं टूर-लेवल जीत थी. 29 साल के जर्मन खिलाड़ी ने 14 एस लगाए और आठ में से पांच ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट किया, जो उन्होंने एक शानदार ऑल-अराउंड परफॉर्मेंस में हासिल किए थे, और रौलां गैरो चैंपियन अब ग्रैंड स्लैम लेवल पर लगातार नौ मैच जीत रहे हैं. ज़्वेरेव, जिनकी एकमात्र कमी तब आई जब उन्होंने तीसरे सेट में 4-2 की लीड गंवा दी, ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, 'ढाई सेट तक मैंने लगभग परफेक्ट मैच खेला. फिर मेरा थोड़ा फोकस भटक गया और उन्होंने इसका बहुत अच्छा इस्तेमाल किया. पिछले एक दशक में पुरुषों के टेनिस के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक होने के बावजूद, ज़्वेरेव विंबलडन में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं. 25 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट तीन दूसरे मेजर में चैंपियनशिप मैच तक पहुँच चुके हैं और इस दो हफ़्ते में ओपन एरा में चारों के फ़ाइनल में पहुँचने वाले सिर्फ़ 13वें खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं.

उन्होंने आखिर में इसे बहुत दिलचस्प बना दिया, लेकिन सीधे सेट में जीत हासिल करके निश्चित रूप से खुश हूं, भले ही मुझे यहां विंबलडन में खेलना पसंद है! हफ्ते की शुरुआत में आसानी से जीतना अच्छा लगता है।'

## भारत का सफर दूसरे राउंड में हुआ खत्म

**ओंटारियो (कनाडा), 03 जुलाई कनाडा ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफ़र दूसरे राउंड में खत्म हो गया, क्योंकि महिला सिंगल्स में आकर्षी कश्यप और तान्या हेमंत को हार का सामना करना पड़ा.**

गुरुवार को ओंटारियो के मार्खम पैन एम सेंटर में खेलते हुए, बैडमिंटन रैंकिंग में 71वें स्थान पर मौजूद आकर्षी कश्यप ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में चौथी सीड और दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की बेइवेन झांग को ज़बरदस्त टक्कर दी, लेकिन वह 20-22, 21-17, 21-17 से हार गईं. 24 साल की



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जिन्होंने बुधवार को अपने शुरुआती राउंड के मैच में फ्रांस की एना टैट्रानोवा को हराया था, शुरुआती गेम में अच्छी लय में दिखीं और 10-6 की बढ़त बना ली. हालांकि, झांग ने वापसी की और स्कोर 10-10 से बराबर कर दिया. पहले गेम के दूसरे हिस्से में दोनों खिलाड़ियों के बीच बढ़त और लय लगातार बदलती रही, जिसके बाद आकर्षी ने एक गेम पॉइंट बचाया और बढ़त हासिल की.



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ब्रिटेन के एक्सपोजर टूर के लिए रवाना

बेंगलुरु, 03 जुलाई भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल पांच से 14 जुलाई तक होने वाले एक्सपोजर दौरे के लिए गुरुवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रिटेन के लिए रवाना हुआ. नए मुख्य कोच टिम व्हाइट की अगुवाई में, टीम स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में सात मैच खेलेगी.

## डूरंड कप का रोमांचक आगाज कोलकाता डर्बी के साथ

**कोलकाता, 03 जुलाई. इंडियनऑयल डूरंड कप का आगाज़ भारतीय फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक के साथ होगा, जब रिकॉर्ड 17 बार के चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट का सामना 16 बार के विजेता ईस्ट बंगाल एफसी से 25 जुलाई को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में होगा.**

डूरंड कप आयोजन समिति ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के मुकाबलों की घोषणा करते हुए एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के



एक और रोमांचक संस्करण का कार्यक्रम जारी किया. 25 जुलाई से 23 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 24 टीमें छह ग्रुपों में विभाजित होकर पांच मेज़बान शहरों में मुकाबला करेंगी.

**टी-20 मुकाबला** | चेस्टर-ले-स्ट्रीट में पहला मैच भारत की पारी पूरी होने के बाद रद्द हुआ था

## भारत की नजर टी-20 सीरीज में पहली जीत पर

**मैनचेस्टर, 03 जुलाई. पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच बारिश में धुलने के बाद भारत और इंग्लैंड की टीमें शनिवार को यहां ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले दूसरे टी-20 मुकाबले में जीत दर्ज करना चाहेंगी.**

चेस्टर-ले-स्ट्रीट में पहला मैच भारत की पारी पूरी होने के बाद रद्द हो गया था, इसलिए मैनचेस्टर का मुकाबला और भी अहम हो गया है. दोनों टीमें इस मैच में जीत दर्ज कर शुरुआती बढ़त हासिल करना चाहेंगी. भारत पहले मैच में अपनी



बल्लेबाजी के प्रदर्शन से काफी सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेगा. आक्रामक बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने केवल 24 गेंदों में धुआंधार 59 रन बनाकर इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने संयमित 68 रन बनाकर पारी को संभाला. इसके बाद शिवम दुबे ने 21 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाकर पारी को शानदार ढंग से खत्म किया, जिससे मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई का पता चला.

भारत के लिए चिंता का एकमात्र विषय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन का लगातार खराब प्रदर्शन है, जो अपनी पिछली तीन टी-20 पारियों में मात्र छह रन ही बना पाए हैं. 15 साल के बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी के तैयार होने के कारण, अगर टीम मैनेजमेंट बदलाव करने का फैसला करता है तो उन्हें चयन को लेकर दुविधा का सामना करना पड़ सकता है.

## श्रीलंका के चार खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

**एंटीगुआ.** चोट और बीमारी के कारण श्रीलंका के लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो, रमेश मेंडिस और पथुम निसंका वेस्टइंडीज के साथ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये है. श्रीलंका क्रिकेट ने इस बात की पुष्टि की है कि उनके चार खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ़ शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे. उन्होंने बताया कि चोट और बीमारी के कारण लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो, रमेश मेंडिस और पथुम निसंका एंटीगुआ में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं.

## एलए 2028 स्टेडियम में खेला पहला मुकाबला

**कैलिफोर्निया, 03 जुलाई लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करने वाले नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड में गुरुवार को पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेला गया. मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स और वॉशिंगटन फ्रीडम के बीच यह ऐतिहासिक मैच आयोजित हुआ.**

कैलिफोर्निया के पोमोना में हाल ही में बने इस नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड पर मौजूदा मेजर लीग क्रिकेट सीजन के कुल सात मैच खेले जाएंगे. यही स्टेडियम लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में



क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी करेगा. इस अत्याधुनिक मैदान में आठ मैच विकेट, आईसीसी मानकों के अनुरूप खेल क्षेत्र और 120 फीट ऊंचे छह फ्लडलाइट टावर लगाए गए हैं. इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के निर्माण के दौरान 32,000 मीट्रिक टन से अधिक मिट्टी हटाकर मैदान तैयार किया गया. 128 साल बाद क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी हो रही है. इससे पहले यह खेल पेरिस 1900 ओलंपिक में शामिल हुआ था, जहां ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था, जिसे अब अनौपचारिक टेस्ट मैच के रूप में मान्यता प्राप्त है.